भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : **367**
गुरुवार, 08 दिसम्बर, 2022 / 17 अग्रहायण, 1944 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

**विमानपत्तनों पर आधुनिक सुरक्षा उपकरण संस्थापित करना**

**367. श्री डी.एम. कथीर आनन्दः**

क्या नागर विमानन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का देश में 18 संवेदनशील विमानपत्तनों पर सुरक्षा को मजबूत करने के लिए 26 विभिन्न प्रकार के गैजेट जैसे विस्फोटक बैगेज स्कैनर, पेरिमीटर इंट्रूज़न डिटेक्शन सिस्टम और अन्य विश्वस्तरीय प्रौद्योगिकी उपकरणों को संस्थापित करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) इस प्रयोजनार्थ कितनी निधि चिह्नित की गई है;

(ग) देश में संवेदनशील विमानपत्तनों के रूप में नामित विमानपत्तनों की सूची क्या है और उनकी दैनिक उड़ान और यात्रियों को संभालने की क्षमता कितनी है; और

(घ) सरकार द्वारा विमानपत्तनों की सुरक्षा और संरक्षा को मजबूत करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

**नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (जनरल) (डा.), विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त)**

**(क) से (ग)** हवाई अड्डों पर नवीनतम प्रोद्योगिकियों का प्रयोग सतत प्रक्रिया है। संवेदनशील हवाईअड्डों पर प्रयोग की जा रही तथा प्रस्तावित कुछ प्रौद्योगिकियां निम्नानुसार हैं:

i. कंप्यूटर टोमोग्राफी एक्सप्लोसिव डिटेक्शन सिस्टम (सीटी-ईडीएस) मशीनें।

ii. दोहरी जेनरेटर एक्स-बीआईएस मशीनें।

iii. स्वचालित ट्रे रिट्रीवल सिस्टम (एटीआरएस) चेन्नई, मुंबई, हैदराबाद, दिल्ली में स्थापित किया गया है और दिल्ली और कुछ और हवाईअड्डों पर ट्रॉयल चल रहा है।

iv. पेरिमीटर इंट्रूज़न डिटेक्शन सिस्टम (पीआईडीएस) के लिए न्यूनतम तकनीकी विनिर्देशों के लिए निदेश जारी किए गए हैं। इसे दिल्ली, हैदराबाद और बेंगलुरु एयरपोर्ट पर लगाया गया है।

v. सभी हवाई अड्डों पर फुल बॉडी स्कैनर को प्राथमिकता के आधार पर सभी अति संवेदनशील और संवेदनशील हवाईअड्डों पर चरणबद्ध तरीके से योजनाबद्ध किया गया है।

vi. भारतीय हवाईअड्डों पर रेडियोलॉजिकल डिटेक्शन इक्विपमेंट (आरडीई) की चरणबद्ध तरीके से योजना बनाई गई है।

vii. 48 हवाईअड्डों पर बायोमीट्रिक केंद्रीकृत एक्सेस कंट्रोल सिस्टम शुरू किया गया है।

सुरक्षा उपकरणों पर पूंजीगत व्ययों को संबंधित हवाईअड्डा प्रचालकों द्वारा वहन किया जाता है। 62 हवाईअड्डों को संवेदनशील रूप में वर्गीकृत किया गया है। (सूची अनुबंध-I पर है)। संवेदनशील हवाईअड्डों की दैनिक उड़ानें और यात्रियों की व्यवस्था क्षमता का ब्यौरा अनुबंध-II पर है।

**(घ)** हवाईअड्डों पर संरक्षा और सुरक्षा को सुदृढ़ करना एक सतत प्रक्रिया है और समय-समय पर इसकी समीक्षा की जाती है और जोखिम संभावनाओं के आधार पर, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) और हवाईअड्डा प्रचालकों सहित अन्य संबंधित एजेंसियों और हितधारकों के परामर्श से संरक्षा विनियामक, यथा नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) और सुरक्षा विनियामक, नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) द्वारा आवश्यकता के अनुसार इसका स्तरोन्नयन किया जाता है।

******

**संवेदनशील हवाई अड्डों की सूची**

| क्र.सं. | हवाई अड्डे का नाम तथा शहर | क्र.सं. | हवाई अड्डे का नाम तथा शहर |
|---|---|---|---|
| 1. | आदमपुर (पंजाब) | 32. | कन्नूर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, कन्नूर (केरल) |
| 2. | औरंगाबाद हवाई अड्डा, औरंगाबाद (महाराष्ट्र) | 33. | खजुराहो एयरपोर्ट, खजुराहो (मध्य प्रदेश) |
| 3. | अगाती हवाई अड्डा, अगाती (लक्षद्वीप) | 34. | खेरिया एयरपोर्ट, आगरा (उत्तर प्रदेश) |
| 4. | भुज एयरपोर्ट (गुजरात) | 35. | लीलाबारी हवाई अड्डा, लीलाबारी ( असम ) |
| 5. | कुल्लू मनाली एयरपोर्ट, भुंतर (हिमाचल प्रदेश) | 36. | लेंगपुई एयरपोर्ट, लेंगपुई , आइजल (मिजोरम) |
| 6. | बीजू पटनायक हवाई अड्डा, भुवनेश्वर (ओडिशा) | 37. | पटना एयरपोर्ट, पटना (बिहार)। |
| 7. | ब्यास हवाई अड्डा, ब्यास (पंजाब) | 38. | लुधियाना एयरपोर्ट, लुधियाना (पंजाब) |
| 8. | बिरसा मुंडा हवाई अड्डा, रांची (झारखंड) | 39. | महाराणा प्रताप एयरपोर्ट, उदयपुर (राजस्थान) |
| 9. | कालीकट अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, कालीकट (केरल) | 40. | मैंगलोर एयरपोर्ट, मैंगलोर (कर्नाटक) |
| 10. | चंडीगढ़ इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड | 41. | मैसूर एयरपोर्ट, मैसूर (कर्नाटक) |
| 1 1। | कोचीन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, कोचीन (केरल) | 42. | मदुरै हवाई अड्डा, मदुरै (तमिलनाडु) |
| 12. | कोयम्बटूर हवाई अड्डा, कोयम्बटूर (तमिलनाडु) | 43. | हॉल ओजर एयरपोर्ट, नासिक (महाराष्ट्र) |
| 13. | डाबोलिम एयरपोर्ट (गोवा) | 44. | श्री गुरु गोबिंद सिंह जी हवाई अड्डा, नांदेड़ (महाराष्ट्र) |
| 14. | जॉली ग्रांट एयरपोर्ट, देहरादून ( उत्तराखंड ) | 45. | नैनी सैनी हवाई अड्डा, पिथौरागढ़ ( उत्तराखंड ) |
| 15. | डिब्रूगढ़ हवाई अड्डा, डिब्रूगढ़ (असम) | 46. | पंतनगर एयरपोर्ट, पंतनगर ( उत्तराखंड ) |
| 16. | दीमापुर हवाई अड्डा, दीमापुर (नागालैंड) | 47. | पोरबंदर (सिविल) हवाई अड्डा, पोरबंदर (गुजरात) |
| 17. | दीव एयरपोर्ट, दीव (गुजरात) | 48. | प्रयागराज एयरपोर्ट, इलाहाबाद (उत्तर प्रदेश) |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 18. | देवी अहिल्याबाई होलकर एयरपोर्ट, इंदौर (मध्य प्रदेश) | 49. | राजमुंदरी हवाई अड्डा, राजमुंदरी (आंध्र प्रदेश) |
| 19. | डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, नागपुर (महाराष्ट्र) | 50. | राजा भोज हवाई अड्डा, भोपाल (मध्य प्रदेश) |
| 20. | गया एयरपोर्ट, गया (बिहार)। | 51. | सूरत हवाई अड्डा, सूरत (गुजरात) |
| 21. | गोरखपुर हवाई अड्डा, गोरखपुर (उत्तर प्रदेश) | 52. | शिमला एयरपोर्ट, शिमला (हिमाचल प्रदेश) |
| 22. | हिंडन एयरपोर्ट, (उत्तर प्रदेश) | 53. | सिलचर एयरपोर्ट, सिलचर ( असम ) |
| 23. | जोरहाट हवाई अड्डा, जोरहाट (असम) | 54. | तेजपुर एयरपोर्ट, तेजपुर (असम) |
| 24. | जगदलपुर एयरपोर्ट, जगदलपुर (छत्तीसगढ़) | 55. | तिरुपति हवाई अड्डा, तिरुपति (आंध्र प्रदेश) |
| 25. | जामनगर एयरपोर्ट, जामनगर (गुजरात) | 56. | तिरुचिरापल्ली एयरपोर्ट, तिरुचिरापल्ली (तमिलनाडु) |
| 26. | जैसलमेर हवाई अड्डा, जैसलमेर (राजस्थान) | 57. | तिरुवनंतपुरम अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, त्रिवेंद्रम (केरल) |
| 27. | जबलपुर हवाई अड्डा, जबलपुर (मध्य प्रदेश) | 58. | बारापानी हवाई अड्डा, शिलांग (मेघालय) |
| 28. | कांगड़ा हवाई अड्डा, कांगड़ा (हिमाचल प्रदेश) | 59. | वडोदरा हवाई अड्डा, वडोदरा (गुजरात) |
| 29. | कानपुर हवाई अड्डा, कानपुर (उत्तर प्रदेश) | 60. | वीर सावरकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, पोर्ट ब्लेयर |
| 30. | कांडला हवाई अड्डा, कांडला (गुजरात) | 61. | विशाखापत्तनम हवाई अड्डा, विशाखापत्तनम (आंध्र प्रदेश) |
| 31. | किशनगढ़ हवाई अड्डा, किशनगढ़ (राजस्थान) | 62. | विजयवाड़ा हवाई अड्डा, विजयवाड़ा (आंध्र प्रदेश) |

*****